भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.08.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4597 का उत्तर

अनारक्षित डिब्बों में बुनियादी सुविधाएं/सेवाएं

4597. श्री रोडमल नागर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार रेलगाड़ियों के अनारक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में अनारक्षित सामान्य डिब्बों की यात्री क्षमता कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने महिलाओं के लिए कोई विशेष सामान्य अनारक्षित डिब्बा आरक्षित किया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार का विचार बेहतर यात्री अनुभव के लिए उन्नत प्रकार के अनारक्षित डिब्बे चलाने का है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): भारतीय रेल ने सामान्य/शयनयान श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। केवल पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ही, विभिन्न लंबी दूरी की गाड़ियों में 1250 सामान्य सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया है।

सामानय/शयनयान श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए, भारतीय रेल ने 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (सामान्य/शयनयान) का विनिर्माण भी शुरू किया है।

अवातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत उल्लेखनीय रूप से बढ़कर लगभग 70% हो गया है, जैसा कि निम्नानुसार दर्शाया गया है:

तालिका 1: सवारी डिब्बों का वितरण:

अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (सामान्य और शयनयान)	**लगभग 57,200**	**लगभग 70%**
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	**लगभग 25,000**	**लगभग 30%**
कुल सवारी डिब्बे	**लगभग 82,200**	**100%**

सामान्य सवारी डिब्बों की अधिक उपलब्धता के कारण, सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि का रुझान देखा गया है, जैसा निम्नानुसार दर्शाया गया है:

तालिका 2: सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रियों की संख्या:

वर्ष	**यात्रियों की संख्या**
2020-21	**99 करोड़ (कोविड वर्ष)**
2021-22	**275 करोड़ (कोविड वर्ष)**
2022-23	**553 करोड़**
2023-24	**609 करोड़**
2024-25	**651 करोड़**

पिछले कुछ वर्षों में अवातानुकूलित सवारी डिब्बों के यात्रियों के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान संरचना निम्नानुसार है:

तालिका 3: सीटों का वितरण:

अवातानुकूलित सीटें	लगभग 54 लाख	लगभग 78%
वातानुकूलित सीटें	लगभग 15 लाख	लगभग 22%
कुल	लगभग 69 लाख	100%

सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान प्रदान करने के उद्देश्य से, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति के अनुसार, 22 सवारी डिब्बों की एक गाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के अवातानुकूलित सवारी डिब्बे और 08 (आठ) वातानुकूलित सवारी डिब्बे मुहैया कराए जाते हैं, जिससे सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके अलावा, अनारक्षित सीटों का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल द्वारा किफायती यात्रा के लिए अनारक्षित अवातानुकूलित यात्री गाड़ियां/एमईएमयू/ईएमयू आदि का परिचालन किया जाता है, जो मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाओं में उपलब्ध अनारक्षित एकोमोडेशन (डिब्बे) के अतिरिक्त हैं।

भारतीय रेल द्वारा पहले से ही लगभग सभी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में गार्ड के पास लगे एलएसएलआरडी/एसएलआरडी में महिलाओं के लिए सामान्य श्रेणी के अकोमोडेशन मुहैया कराए जा रहे हैं।

<u>अमृत भारत रेलगाड़ियां</u>

भारतीय रेल ने पूर्णतः अवातानुकूलित अमृत भारत रेलगाड़ियां शुरू की हैं, जिनमें वर्तमान में 11 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बे, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बे, 1 पेंट्रीकार और 2

द्वितीय श्रेणी सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे शामिल हैं। इन रेलगाड़ियों को अवातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों को विश्वस्तरीय आधुनिक और आरामदायक रेल यात्रा अनुभव प्रदान करके आम जनता की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन और निर्मित किया गया है। भारतीय रेल ने 100 अमृत भारत गाड़ियों के उत्पादन का प्रावधान किया है।

उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन रेलगाड़ियों की पहचान हैं, जिनमें निम्नलिखित उन्नत विशेषताएं और सुविधाएं हैं:

- वंदे भारत स्लीपर के समान बेहतर रूप और अनुभूति वाली सीट और बर्थों की बेहतर साज-सज्जा।
- झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।
- क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।
- सभी सवारी डिब्बों और सामान कक्ष में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों का बेहतर डिज़ाइन।
- बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी का बेहतर डिज़ाइन।
- बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।
- ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों और इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली।
- यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।
- यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संचार के लिए आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली।
- उन्नत तापन क्षमता वाली अवातानुकूलित पेंट्री।
- आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित निस्तारण तंत्र के साथ पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।

वर्तमान में भारतीय रेल नेटवर्क में 16 अमृत भारत रेलगाड़ियों की सेवाएं परिचालित की जा रही हैं।

वंदे भारत रेलगाड़ियों की विशेषताओं का उपयोग करके उपनगरीय और क्षेत्रीय यात्रियों के लिए कम दूरी की यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नमो भारत रैपिड रेल की शुरुआत की गई है। नमो भारत रैपिड रेल पूरी तरह से अनारक्षित रेलगाड़ी है।

नमो भारत रैपिड रेल की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- **केंद्रीयकृत रूप से नियंत्रित डबल लीफ स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे।**
- **सुरक्षा और यात्री निगरानी के लिए सीसीटीवी।**
- **गद्देदार सीटों और सीलबंद लचीले गैंगवे के साथ मॉड्यूलर इंटीरियर।**
- **आपातकालीन वार्ता प्रणाली।**
- **प्रकाश व्यवस्था के साथ सतत एलईडी प्रकाश व्यवस्था।**
- **वैक्यूम निकासी के साथ एफआरपी मॉड्यूलर शौचालय।**
- **ड्राइवर कैब एसी के साथ पूरी तरह से वातानुकूलित रेलगाड़ियां।**

वर्तमान में भारतीय रेल नेटवर्क में 4 नमो भारत रैपिड रेल गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं।

*****